रोल नं ....................

**934**

## कक्षा 9वीं वार्षिक परीक्षा, 2022-23

[ 342 ]

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

( Total No of Questions : 23)
(Time : 03 Hours)

( Total No of Page : 08)
(Maximum Marks : 75)

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 1 नंबर का होगा।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है, शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक 3 अंक का है, शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक प्रत्येक 4 अंक का है, शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न है।

Instruction -

(1) It is compulsory to attempt all the questions.

(2) Question 1 to 5 are objective type questions, each question will carry 1 mark.

(3) Question 6 to 17 are 2 marks each and the word limit is approximately 30 words.

(4) Question 18 to 20 are of 3 marks each, word limit is approximately 75 words.

(5) Question 21 to 23 are of 4 marks each, word limit is approximately 150 words.

(6) Question 23 is a map based question.



Scanned with CamScanner

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **6**

**1. हिटलर की गुप्तचर पुलिस कहलाती थी-**

(अ) तूफानी दस्ता (ब) गेस्टापो (स) एस.डी. (द) एस.ए.

**2. सामूहिक खेतों को क्या कहा जाता था-**

(अ) कोलखोज (ब) ड्यूमा (स) कोमिन्टर्न (द) बुदियोंनोप्का

**3. मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करता है-**

(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री (स) गवर्नर (द) मंत्रिमंडल

**4. रबर का संबंध किस प्रकार की वनस्पति से है-**

(अ) टुण्ड्रा (ब) हिमालय

(स) मैन्ग्रूव (द) उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन

**5. वूलर झील निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है-**

(अ) राजस्थान (ब) पंजाब (स) उत्तरप्रदेश (द) जम्मू कश्मीर

**6. उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्कम की सीमाएँ किंस देश को छूती हैं-**

(अ) चीन (ब) भूटाल (स) नेपाल (द) म्यांमार।

**उत्तर-** 1.(ब), 2.(अ), 3.(द), 4.(द), 5.(द), 6.(स)।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **6**

1. भारत में कुल ............ मेडिकल कॉलेज हैं।
2. कृषि भूमि का क्षेत्र ............ है।
3. भारत का राष्ट्रपति चुने जाने की आयु ............ है।
4. 15वाँ आम चुनाव सन् ............ में सम्पन्न हुआ था।
5. रूस के राष्ट्रीय झंडे का रंग ............ है।
6. भारत में सर्वाधिक निर्धनता वाला जिला ............ है।

**उत्तर-** 1. 562, 2. सीमित, 3. 35 वर्ष, 4. 2009, 5. लाल।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी मिलाइए-** **6**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| 1. विश्व में सबसे बड़ा देश | (अ) राजस्थान |
| 2. सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला राज्य | (ब) रूस |
| 3. लोकसभा के सदस्यों का कार्यकाल | (स) स्वतंत्रता का अधिकार |
| 4. संघ बनाने की स्वतंत्रता | (द) 5 वर्ष |
| 5. बड़े गाँव | (इ) 15 से 59 |
| 6. श्रम बल | (फ) रामगंज |

**उत्तर-** 1.(ब), 2.(अ), 3.(द), 4.(स), 5.(फ), 6.(इ)।

**प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए-** **6**

1. अरब सागर में कौन-सा द्वीप स्थित है?



Scanned with CamScanner

2. खादर किस प्रकार की भूमि कहलाती है?
3. भारत के वर्तमान चुनाव आयुक्त का क्या नाम है?
4. भारत में मतदान के लिए न्यूनतम आयु कितने वर्ष है?
5. पालमपुर में कितने लोग कृषि पर आधारित है?
6. प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?

**उत्तर-** 1. लक्षद्वीप, 2. नए एवं युवा निक्षेप, 3. सुशील चन्द्रा, 4. 18 वर्ष, 5. 75%, 6. राष्ट्रपति।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य बताइए-** **6**

1. कर्क रेखा उड़ीसा राज्य से होकर नहीं गुजरती है।
2. खारे पानी की झील को लैगून कहते हैं।
3. भारत की सबसे लम्बी नदी कृष्णा नदी है।
4. राज्य सभा अधिक शक्तिशाली है।
5. शिक्षा और स्वास्थ्य लोगों को एक परिसंपत्ति बनाती है।
6. जनसंख्या वृद्धि निर्धनता को बढ़ाती है।

**उत्तर-** 1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. असत्य, 5. सत्य, 6. सत्य।

प्रश्न 6. लंबी धारा हो के बावजूद तिब्बत के क्षेत्रों में ब्रह्मपुत्र में कम गाद (सिल्ट) क्यों है? **2**

**अथवा**

नीचे भारत की कुछ झीलों के नाम दिये गये हैं। इन्हें प्राकृतिक तथा मानव निर्मित वर्गों में बाँटिए-
(1) वूलर, (2) डल, (3) नैनीताल, (4) भीमताल, (5) गोविन्द सागर, (6) लोकताक, (7) बारा-पानी, (8) चिल्का, (9) सांभर, (10) राणा प्रताप सागर, (11) निजाम सागर, (12) पुलिकट, (13) नागार्जुन सागर, (14) हीराकुण्ड।

प्रश्न 7. जीवमंडल निचय से क्या अभिप्राय है? इसके दो उदाहरण दीजिए। **2**

**अथवा**

हिमालय पर्वत की दक्षिणी ढलानों पर उत्तरी ढलानों की अपेक्षा सघन वनस्पति क्यों है?

प्रश्न 8. सबसे अधिक महिला साक्षरता दर कौन-से राज्य की है और क्यों? **2**

**अथवा**

प्रवास, जनसंख्या परिवर्तन का एक कारक है, समझाइए।

प्रश्न 9. रूस के आर्थिक हालात 1905 में कैसे थे? **2**

**अथवा**

ड्यूमा के बारे में संक्षेप में लिखिए।



Scanned with CamScanner

प्रश्न 10. 1917 से पहले रूस की कामकाजी आबादी यूरोप के बाकी देशों के मुकाबले किन-किन स्तरों पर भिन्न थी? (कोई दो लिखिए) **2**

**अथवा**

रूस में 1905 में क्रांतिकारी उथल-पुथल क्यों पैदा हुई थी? क्रांतिकारियों की क्या माँगें थीं?

प्रश्न 11. रेलवे की वन विनाश में भूमिका लिखिए। **2**

**अथवा**

जहाज निर्माण की वन विनाश में भूमिका लिखिए।

प्रश्न 12. आज का दक्षिण अफ्रीका खुद को "इंद्रधनुषी देश" कहता है। आप बता सकते हैं, क्यों? **2**

**अथवा**

नए भारत के सपने किस तरह विश्व से जुड़े हैं?

प्रश्न 13. गुलबर्गा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा और गुलबर्गा जिले की सीमा में अन्तर क्यों है? अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का ऐसा ही नक्शा बनाइए। **2**

**अथवा**

चिनप्पा को दहेज के लिए अपनी पत्नी को परेशान करने के जुर्म में सजा मिली थी। सतबीर को छुआछूत मानने का दोषी माना गया था। दोनों को अदालत ने चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी। क्या यह फैसला लोकतांत्रिक चुनावों के बुनियादी सिद्धान्तों के खिलाफ जाता है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

प्रश्न 14. क्या हर सरकारी आदेश एक बड़ा राजनैतिक फैसला होता है? इस सरकारी आदेश में खास बात है? **2**

**अथवा**

लोकतंत्र के लिए कैसा प्रधानमंत्री होता है? ऐसा जो केवल अपनी मर्जी से काम करता है या ऐसा जो दूसरी पार्टियों और व्यक्तियों से भी सलाह लेता है।

प्रश्न 15. प्रच्छन्न और मौसमी बेरोजगारी में दो अन्तर बताइए। **2**

**अथवा**

मानव पूँजी निर्माण में शिक्षा की क्या भूमिका है?

प्रश्न 16. पश्चिमी घाट एवं पूर्वी घाट में अन्तर बताइए। **2**

**अथवा**

भारत के प्रमुख भू-आकृतिक विभाग कौन-से हैं? हिमालय क्षेत्र तथा प्रायद्वीप पठार के उच्चावच लक्षणों में क्या अन्तर है?

प्रश्न 17. भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा की विशेषताएँ बताइए। **2**

**अथवा**

पूर्वी तट के डेल्टा वाले क्षेत्र में प्राय: चक्रवात आते हैं। कारण बताइए।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 18. इस बारे में चर्चा कीजिए कि 1930 तक आते-आते जर्मनी में नात्सीवाद को लोकप्रियता क्यों मिलने लगी? **3**

**अथवा**

नात्सियों ने जनता पर पूरा नियंत्रण हासिल करने के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाए?

प्रश्न 19. केन्द्र और अपनी राज्य सरकार के पाँच कैबिनेट मंत्रियों और उनके मंत्रालयों के नाम लिखिए। **3**

**अथवा**

निम्नलिखित संदर्भों में एक कारण देकर समझाइए कि भारतीय न्याय-पालिका किस तरह स्वतंत्र है-

(1) न्यायाधीशों की नियुक्ति, (2) न्यायाधीशों को पद से हटाना, (3) न्यायपालिका के अधिकार।

प्रश्न 20. भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित नदियों को चिन्हित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए- **3**

(1) गंगा, (2) सतलुज, (3) दामोदर, (4) कृष्णा, (5) नर्मदा, (6) तापी, (7) महानदी, (8) दिहांग।

**अथवा**

भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित झीलों को चिन्हित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए-

(1) चिल्का, (2) सांभर, (3) वूलर, (4) पुलीकट, (5) कोलेरू।

प्रश्न 21. क्या आप इस तर्क से सहमत हैं कि सार्वभौमिक अधिकारों के संदेश में नाना अंतर्विरोधी थे? **4**

**अथवा**

ओलम्प दे गूज द्वारा तैयार किए गए घोषणा पत्र (स्रोत छ) तथा 'पुरुष एवं नागरिक अधिकार घोषणा पत्र' स्रोत (ग) की तुलना करें।

प्रश्न 22. इराक में अमेरिका और अन्य विदेशी शक्तियों की उपस्थिति में हुए चुनाव के समय यह कार्टून बना था। यह कार्टून क्या कहलाता है? इसमें 'डेमोक्रेसी' को इस तरह क्यों लिखा गया है? **4**

**अथवा**

यह कार्टून सद्दाम हुसैन के शासन को उखाड़ फेंकने के बाद हुए चुनावों से संबंधित है। उन्हें जेल में बंद दिखाया गया है। यह कार्टूनिस्ट क्या कहना चाहता है? इस कार्टून के संदेश और अध्याय में आये पहले कार्टून के संदेश की तुलना कीजिए।

प्रश्न 23. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम, 2005 की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं? **4**

**अथवा**

उन सामाजिक और आर्थिक समूहों की पहचान करें जो भारत में निर्धनता के समक्ष निरुपाय हैं।

Scanned with CamScanner